समाचार

14 जुलाई को वार्ड क्र. 07, 16, 31, 32, 42, 53, 59, 66 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

कोरबा 13 जुलाई 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 14 जुलाई बुधवार को वार्ड क्र. 07, 16, 31, 32, 42, 53, 59, 66के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 14 जुलाई बुधवार को वार्ड क्र. 07 कुष्ठ आश्रम के पास स्कूल भवन, वार्ड क्र. 16 मांझी मोहल्ला सामुदायिक मंच आंगनबाड़ी, वार्ड क्र. 31 खरमोरा आंगनबाड़ी बजरंग चौक, वार्ड क्र. 32 रिसदी प्राथमिक शाला, वार्ड क्र. 42 बेलगरी नाला सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 53 तुलसीनगर प्राथमिक शाला के पीछे, वार्ड क्र. 59 विकासनगर बाजार सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 66 इंदिरा नगर पानी टंकी सामुदायिक भवन के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी। योजना के अंतर्गत अभी तक निगम क्षेत्र में 1405 शिविरों के माध्यम से 70648 व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा चुका है।